भारत सरकार

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3218

शुक्रवार, 12 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

विज्ञान क्षेत्र में किए गए अनुसंधान

3218. **श्री अक्षयवर लालः**

क्या **विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश और विदेश में विज्ञान के क्षेत्र में किए गए अनुसंधानों को सरकार द्वारा शुरू किए गए नए पार्टल 'सम्पूर्ण' में शामिल करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस पोर्टल के अंतर्गत विज्ञान से संबंधित किन अन्य सूचनाओं को शामिल किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या विज्ञान के विभिन्न विषयों में किए जा रहे शोधों को पेटेंट सुविधा प्रदान करने की संभावना है और उन्हें उक्त पोर्टल में शामिल किए जाने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो इसके नियम और शर्तें क्या हैं ?

उत्तर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, विज्ञान और

प्रौद्योगिकी मंत्री और पृथ्वी विज्ञान मंत्री

(डॉ. हर्ष वर्धन)

(क) जी, नहीं। सरकार द्वारा **संपूर्ण** नाम का कोई पोर्टल शुरू नहीं किया गया है।

तथापि, भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष (आईएसटीआई) पोर्टल नामक एक समावेशी पोर्टल हाल ही में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त निकाय, विज्ञान प्रसार, द्वारा विकसित किया गया है। यह भारत में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष के बारे में वन-स्टॉप सूचना प्रदाता पोर्टल है। भारत

में किये जा रहे अनुसंधान, वित्तपोषण, संगठन, कार्यक्रम और स्कीम, छात्रवृत्तियाँ और अध्येतावृत्तियाँ और नवोन्मेष प्रदान की जाने वाली सूचना के अंतर्गत शामिल हैं।

पोर्टल देश में किए गए वैज्ञानिक अनुसंधान प्रोजेक्टों की जानकारी देता है (वह प्रोजेक्ट जो 2017 में और उसके बाद पूरे किए गए और साथ ही चालू अनुसंधान)। अन्य देशों के साथ भारतीय वैज्ञानिकों का अनुसंधानपरक सहयोग भी इसमें उपलब्ध है।पोर्टल की विषय-वस्तु को लगातार अद्यतित किया जा रहा है।

(ख) एस एण्ड टी अनुसंधान प्रोजेक्टों का ब्यौरा जैसे कि प्रोजेक्ट का नाम, ध्यान केन्द्रित किए जाने वाले क्षेत्र, वित्तपोषण और कार्यान्वयन एजेंसियां, संबंधित प्रधान अन्वेषक और उनका संपर्क विवरण उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही प्रोजेक्ट की अवधि, बजट आदि भी पोर्टल पर यथा संभव उपलब्ध कराया जा रहा है। सूचना का एकत्रण, वर्गीकरण, संपादन, फोर्मेटिंग और अद्यतनीकरण निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

स्कूल से लेकर वरिष्ठ वैज्ञानिकों और विभिन्न वर्गों जैसे कि महिलाओं, एससी एवं एसटी के लिए विभिन्न स्तरों पर उपलबध एसएण्डटी से संबंधित छात्रवृत्तियों और अध्येतावृत्तियों की सूचना भी पोर्टल में विद्यमान है।

(ग) जी, नहीं।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****